मैं नेता सदन के रूप में माननीय श्री सुखदेव राजभर जी को जो 15वीं विधान सभा के अध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं, पूरे सदन की ओर से और अपनी ओर से मैं उनको हार्दिक बधाई देती हूं और इस पद के बारे में वैसे आप लोगों को यह मालूम है कि विधान सभा का अध्यक्ष पद, इस सदन का अत्यंत महत्वपूर्ण एवं गरिमापूर्ण सर्वोच्च पद है, जिसके कर्त्तव्य और दायित्व भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। अध्यक्ष पद पर आसीन होकर उसे पूरे सदन के हितों को देखना होता है और सबको संतुष्ट भी करना होता है। विचारों का मतभेद होने पर कभी-कभी ऐसे अवसर आते हैं, जब सदन के संचालन में काफी व्यवधान पैदा होता है मगर हमें यह सोचना चाहिए कि हम सभी विधायक जिस मकसद के लिए जनता की आकांक्षाओं को ध्यान में रखकर विधान सभा में चुनकर आए हैं उनसे सम्बन्धित विषयों को हम लोग सदन में शांतिमय ढंग से रखें और शांति व्यवस्था बनाने में माननीय अध्यक्ष विधान सभा को पूरा-पूरा सहयोग प्रदान करें। मुझे पूरा विश्वास है कि इस सदन के माननीय सभी सदस्यगण आपको सदन के संचालन में पूरा-पूरा सहयोग प्रदान करेंगे और जहां तक आज आपके निर्विरोध चुने जाने का सवाल है, इसके साथ-साथ जहां तक आपके परिचय का भी सवाल है, मैं समझती हूं कि आपके परिचय से सभी वाकिफ हैं लेकिन फिर भी मैं यह बताना चाहूंगी कि श्री सुखदेव राजभर जी एक योग्य, अनुभवी और मिलनसार व्यक्ति हैं। आज जो यह निर्विरोध विधान सभा के अध्यक्ष चुने गये हैं और जब उनका हमने नामांकन फाइल कराया था और जिन लोगों ने भी उनका नाम प्रस्तावित किया था तो उनका नाम सुनने के बाद किसी भी पार्टी की ओर से उनके मुकाबले में कोई दूसरा नाम नहीं आया। तो मैं समझती हूं कि यह उनकी खूबी को जाहिर करता है, उनके व्यक्तित्व की खूबी को जाहिर करता है। आप सर्वप्रथम मई-जून, 1991 के सामान्य निर्वाचन में, फिर नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में तथा फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में बहुजन समाज पार्टी के टिकट से और चौथी बार भी बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। आप उत्तर प्रदेश विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से जनवरी, 1997 से फरवरी, 2002 तक उत्तर प्रदेश विधान परिषद् के भी सदस्य रहे हैं। आप वर्ष 1993-94, वर्ष 1997 तथा वर्ष 2000 से लेकर 2003 में विभिन्न मंत्रि-मण्डलों में सम्मिलित रहे हैं। इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश विधान सभा में वर्ष 1991-1992 में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति के सदस्य तथा वर्ष 2002-2003 व वर्ष 2003-2004 में विधान सभा की कार्य-मंत्रणा समिति के सदस्य और वर्ष 2002-2003 में नियम समिति के सदस्य भी रहे हैं। आपने अखिल भारतीय राजभर महासंघ के वर्ष 1982 से 1989 तक कोषाध्यक्ष और वर्ष 1989 से अध्यक्ष पद को भी सुशोभित किया है। विधायी एवं न्याय के क्षेत्र में आपकी गहरी रुचि रही है तथा विद्यार्थी जीवन से ही राजनैतिक जीवन में आपकी गहरी आस्था रही है। पढ़ने लिखने तथा समाज सेवा में विशेष रुचि रहीं है। मैं आशा करती हूं कि आपके निर्विरोध चुने जाने पर सभी

दलों को बहुत प्रसन्नता हो रही है क्योंकि सभी प्रमुख दलों की ओर से अध्यक्ष, विधान सभा के पद के लिए आपके नाम का प्रस्ताव किया गया था। मुझे पूर्ण विश्वास है कि विधान सभा के सभी दलों के नेतागण सदन के कार्य के संचालन में पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे और आप भी हाउस के सदस्यों को को-आपरेट करेंगे। मैं एक बार पुनः आपके निर्विरोध चुने जाने पर अपनी ओर से तथा सदन की ओर से आपको हार्दिक बधाई देते हुए अपनी बात समाप्त करती हूं।

*श्री नरेश चन्द्र अग्रवाल-

माननीय अध्यक्ष जी, माननीय नेता सदन ने आपके सम्बन्ध में जो विचार रखे हैं हम उससे अपने को सम्बद्ध करते हैं और आपको बधाई देते हैं कि देश के सबसे बड़े सूबे के सर्वोच्च आसन पर आप जैसा योग्य व्यक्ति विराजमान हुआ है। मैं मुख्य मंत्री जी को बधाई देना चाहूंगा कि ऐसे योग्य व्यक्ति को चुना जिसका राजनैतिक जीवन बहुत बड़ा है। आप सत्ता पक्ष में भी रहे हैं और विपक्ष में भी रहे हैं। आपकी कभी भी निष्पक्षता में आंच नहीं आयी है। हमें सोचने की जरूरत नहीं पड़ी कि कभी निष्पक्षता नहीं होगी, इसलिए हमने भी परम्परा का पालन किया कि यह पद विवादित नहीं होना चाहिए। मैं उम्मीद करता हूं कि उस निष्पक्षता को, जो आपने अपने जीवन में बनाये रखा है, उसे उस सर्वोच्च पद में भी बनाये रखेंगे। अध्यक्ष जी, हम लोगों की राजनैतिक विचारधारा अलग होती है, नीतियां अलग होती हैं और सिद्धान्त अलग होते हैं, लेकिन, इस सदन में हम सभी लोग जनता की सेवा के उद्देश्य से आये हैं और हम अपनी बातों को रखें। विपक्ष का काम है, जिम्मेदारी है सरकार को आइना दिखाना, जो कार्य हो रहे हैं वह किस प्रकार के हो रहे हैं। कभी-कभी टकराव हो सकता है लेकिन कभी व्यक्तिगत टकराव नहीं होता है। मैं चाहूंगा कि ऐसे अवसर न आयें, वैसे संसदीय कार्य मंत्री लालजी वर्मा जी हैं वह टकराव की नौबत नहीं आने देंगे। हम यह भी चाहते हैं कि यह सदन ज्यादा से ज्यादा चले। जो सदन की परम्परा रही है वह परम्परा कायम रहे। मैं एक बात और अध्यक्ष जी कहना चाहूंगा कि यह दुर्भाग्य की बात है कि सदन में बोलने वालों की संख्या बहुत कम होती जा रही है। लोगों में अब पढ़ने लिखने की रुचि कम हो रही है। मैं मुख्य मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि अगर सदस्यों में रुचि नहीं होगी, बोलने में रुचि नहीं होगी तो जनता की बातों को नहीं रख पायेंगे और जो जनता ने जिम्मेदारी उनको सौंपी है उसका निर्वहन नहीं कर पायेंगे। मैं चाहूंगा कि नये सदस्यों को बोलने का समय दिया जाय जिससे वह अपनी बातों को रख सकें और जो वायदे वह जनता से करके आये हैं उन वायदों को वह य[illegible]क पहुंचा सकें। मैं अपनी तरफ से तथा अपने दल की तरफ से आपको विश्वास दिलाना चाह[illegible] हूं कि जो जिम्मेदारी हम लोगों की है, जो परम्परा है उसमें हम पूरा सहयोग देंगे और जहां पर गलत कार्य हो रहे हैं, हम उनको सही तरीके से उजागर करेंगे और आ[illegible] से अनुरोध हम [illegible] करेंगे कि हम विपक्ष में हैं, थोड़ी दया हम पर ज्यादा होनी चाहिये

---

*वक्ता ने भाषण का पुनर्रीक्षण नहीं किया।

और समय हमको थोड़ा ज्यादा मिलना चाहिये क्योंकि हम अपनी बात ही कह सकते हैं, हम अपनी चीजों को रख सकते हैं हमारा जो कर्तव्य है हम अपने उन कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहते हैं। तो थोड़ी सी कृपा दृष्टि आप उधर की बजाय इधर थोड़ा ज्यादा बनाये रखियेगा। अब आप किसी दल में नहीं हैं, अब आप सभी दलों के उम्मीदवार हैं। मेरा आप पर विश्वास है कि आप उन परम्पराओं को कायम रखते हुये इस कुर्सी की गरिमा को जैसे बड़े-बड़े लोगों ने बनाया है, इतिहास के पन्नों में उसी तरीके से रखेंगे। मेरी फिर से आपको बहुत-बहुत शुभकामनायें।

*श्री ओम प्रकाश सिंह-

माननीय अध्यक्ष जी, मैं अपनी ओर से, अपने दल के सभी सदस्यों की ओर से आपको इस मर्यादापूर्ण, गरिमापूर्ण पद पर सर्वसम्मति से चुने जाने के उपलक्ष्य में हार्दिक बधाई देता हूं और आप इतिहास बनायें, आपका इस पद पर बैठने वालों की सूची में एक गौरवशाली नाम जुड़े, इसके लिये हार्दिक शुभकामनायें भी व्यक्त करता हूं, भगवान से प्रार्थना करता हूं आपको शक्ति दे, निष्पक्ष बनाये, संकल्पशील बनाये कि आप सदन की गरिमा और मर्यादा के अनुरूप अपने कर्तव्यों में, दायित्वों में और इस सदन के संचालन में सही सिद्ध हों। आपकी शालीनता, सज्जनता, सरलता, सद्भावपूर्ण व्यवहार से यह पूरा सदन ही नहीं पूरा प्रदेश परिचित है। मुझे आपके साथ रहने का भी सौभाग्य मिला है और अनेकों अवसरों पर साथ रहने का और देश के बाहर जाने का भी अवसर मिला है। आपकी सरलता और शालीनता ने और सहिष्णुता ने जितना लोगों को प्रभावित किया है वही आपकी पूंजी है। यह सदन इस देश का राज्यों का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक और संसदीय सदन है इसलिये लोकतांत्रिक परम्पराओं, मर्यादाओं की रक्षा का बहुत बड़ा दायित्व आपके ऊपर है। यह सदन अपने खोये हुये गौरवपूर्ण दिनों को पुनः स्थापित कर ले यह मैं आपसे भी अपेक्षा करूंगा और इस सदन से भी। जिस रूप में सर्वसम्मति से चुनते हुये आपकी प्रशंसा में माननीय नेता सदन, माननीय नरेश चन्द्र अग्रवाल जी, समाजवादी पार्टी ने जो भाव व्यक्त किये हैं, वह चरितार्थ हैं इसमें मैं और मेरा सदन आपका पूर्ण सहयोग करेगा। मान्यवर, आपके गुणों से सभी परिचित हैं और जब नेता सदन ने आपका नाम प्रस्तावित किया तो मैं समझता हूं कि जितने भी सदस्य थे सभी ने एक स्वर से प्रशंसा किया कि बहुत ही योग्य चयन हुआ क्योंकि यह नेता सदन का अधिकार था कि किसी का भी नाम वह चयन कर सकती थीं और परम्परा के अनुसार वह व्यक्ति कुर्सी पर बैठता, पसन्दगी और नापसन्दगी कभी पेसी होती तब भी, लेकिन एक स्वर से सभी ने आपके चयन को खुले हृदय से समर्थन दिया। यह इस बात का द्योतक है कि सबने आप में केवल बहुमत दल होने के नाते ही नहीं बल्कि आपकी योग्यता के कारण से पूर्ण विश्वास व्यक्त किया है। (सत्तापक्ष की ओर से मेजों की थपथपाहट मान्यवर, इस सदन की जो परम्परा है, पिछले कुछ वर्षों से जो कार्य-पद्धति है और जो राजनैतिक परिवेश अपना रूप ले रही है उसमें

---

*वक्ता ने भाषण का पुनर्रीक्षण नहीं किया।

आपके प्रति विभिन्न प्रकार के दबाव होंगे, दलीय दबाव होंगे, कुछ विद्वान सदस्यों के दबाव होंगे, कुछ समूहों का दबाव होगा, लेकिन आपकी परीक्षा होगी। आपके गुणों में जो विश्वास व्यक्त किया है इस सदन ने उसकी परीक्षा होगी और आप संकल्प के साथ लोकतांत्रिक मर्यादाओं और सदन की गौरवपूर्ण परम्पराओं को बनाये रखने में अपनी निष्पक्षता के साथ अडिग रहकर, हम सबका संरक्षण करेंगे ऐसा विश्वास है।

अभी माननीय नरेश चन्द्र अग्रवाल जी ने अपने संरक्षण की बात कही है। आप कमजोर तबकों के सरंक्षक रहे हैं, बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के सिद्धान्तों को जीवन में चरितार्थ करने के प्रति आपने क्षण-क्षण समय बिताया है। इसलिए कमजोर तबकों का यहां भी संरक्षण करेंगे ऐसा विश्वास है। इसलिए बहुमत के समक्ष जो अल्पमत है उनका संरक्षण भी उसी सिद्धान्तों के अन्तर्गत होगा ऐसा मुझे विश्वास है। (मेजों की थपथपाहट)

मान्यवर, आप इस पर बैठे हैं, व्यक्ति बहुत बैठते हैं, उच्च पदों पर बैठे व्यक्ति एक संस्था भी हैं और यह संस्था का सर्वोच्च पद भी है। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं, क्योंकि आपके प्रति मेरी दिली सद्भावनायें भी हैं। इसी प्रकार दिल से जो सद्भावना के उच्च भाव हो सकते हैं वह हैं, आपके प्रति यह शुभकामना व्यक्त करता हूं। लोग पद से सुशोभित होते हैं, आप ऐसा कार्य करें कि यह पद सुशोभित हो जाये। (मेजों की थपथपाहट) इस शुभकामना के साथ मैं आपको पुनः बधाई देता हूं।

* श्री प्रमोद कुमार-

माननीय अध्यक्ष जी, मैं बहुत ही विनम्रतापूर्वक इस सदन के सर्वोच्च पद पर आपको आसीन देखकर अपनी ओर से, अपने दल की ओर से या यों कहूं कि सम्पूर्ण सदन की ओर से बधाई देता हूं और आपका अभिनन्दन करता हूं। बधाई के पात्र तो आप हैं बधाई के पात्र माननीय नेता सदन मुख्य मंत्री जी भी हैं क्योंकि यह बहुमत की सरकार बहुत दिनों के बाद आयी है। जो भी निर्णय वह ले लेतीं बहुमत से आपको बनाया जा सकता था, लेकिन इस बहुमत को सर्वसम्मत बनाने के लिए परसों आपने एक बैठक बुलायी जिसमें आदरणीय टण्डन जी थे मुझे बुलाया गया था, माननीय कौकब हमीद साहब थे, सब लोग मौजूद थे और जिस समय उन्होंने आपके नाम का प्रस्ताव किया, मैं यह नहीं कहूंगा कि आप जैसे क्षमतावान लोग नहीं हैं, लेकिन मैं यह कह सकता हूं कि स्पीकर पद के लिये सर्वाधिक उपयुक्त व्यक्ति आप ही हैं और मान्यवर, यह पद इस सदन में बना था तो वह निश्चित रूप से आपके लिये बना था।

(मेजों की थपथपाहट)

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

मान्यवर, इस सदन में हमने आपको संसदीय कार्य मंत्री के रूप में कार्य करते हुए देखा है, मंत्री के रूप में भी देखा है। विरोधी दल में, जहां आज टण्डन जी बैठे हुए हैं, वहां पर भी बैठे हुए आपको देखा है। यह टण्डन जी हमेशा यहां बैठे रहें यह भगवान से प्रार्थना है।

माननीय अध्यक्ष जी, कुछ लोग ऐसे होते हैं जब किसी पद पर बैठ जाते हैं तो लोग उन्हें पहचानने लगते हैं, उनके व्यक्तित्व को जानने लगते हैं। उससे उनका कद बढ़ जाता है। आपका व्यक्तित्व ऐसा है कि आपके वहां बैठने से इस सदन की गरिमा बढ़ गयी है। आपके प्रति अपने यह उद्गार व्यक्त करते हुए मुझे खुशी हो रही है। मान्यवर, आज इस सदन में बैठे हुए लोगों को ही नहीं, किसी गांव के दूर कोने में किसी खेत या खलिहान में बैठे हुए या किसी दुकान पर बैठे हुए एक साधारण कार्यकर्ता के मन में भी एक नई आशा जगी होगी कि गरीब के घर में जन्म लेकर एक झोपड़ी से सर्वोच्च सदन तक पहुंचा जा सकता है यही लोकतंत्र की सबसे बड़ी खूबी है और आप उस पर बैठे हैं, इसके लिये मैं आपको बहुत-बहुत बधाई देना चाहता हूं। मान्यवर, यह साधारण पद नहीं है इस पर परम् श्रद्धेय राजर्षि टण्डन जी बैठ चुके हैं। राजर्षि टण्डन जी ईमानदारी, त्याग और बलिदान के रूप में जाने जाते थे। मान्यवर, खेर साहब वहां बैठ चुके हैं, वासुदेव सिंह साहब वहां बैठ चुके हैं, नियाज हसन साहब वहां बैठ चुके हैं। एक आध नाम और कहें तो मैं ले लूं भारी मन से, मान्यवर, मैं इतना कहना चाहता हूं कि बहुत बड़े-बड़े लोग बैठ चुके हैं। मान्यवर केशरी नाथ त्रिपाठी जी वहां बैठ चुके हैं, मैं उनका भी नाम लेता हूं बहुत ऊंची परम्पराएं उन्होंने कायम की हैं। तो मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि आप जिस पद पर बैठे हैं यह बहुत महत्वपूर्ण पद है। मान्यवर, इतिहास पढ़ा जाता है वह बहुत कम लोगों से बनाया जाता है। मेरी यही कामना है कि आप पुराना इतिहास न पढ़ें बल्कि उस पीठ पर बैठकर एक ऐसा इतिहास बनायें कि आने वाली पीढ़ियां आपकी ईमानदारी और आपके संसदीय ज्ञान का इतिहास पढ़ती रहें। यह लोकतंत्र है मान्यवर, यह अविरल रूप से चलता है और चलता रहेगा। कुछ ऐसा वातावरण पैदा कर दें यहां कि यह सदन गंगा बन जाय और गंगा जैसे अविरल बहती रहती है वैसे ही इस सदन का पन्द्रहवां कार्यकाल बहता जाय, बढ़ता जाय और एक नया आयाम बनता जाय। हम कांग्रेस की ओर से आपको पूरा सहयोग और वचन देने का वायदा करते हैं। मान्यवर, जो मैं कहूं उस पर विश्वास करें, नरेश चन्द्र अग्रवाल जी जो कहें उस पर बिल्कुल विश्वास न करियेगा। क्योंकि वह इसलिए आज यहां भेजे गये हैं कि वह जो कह दें उसका मतलब मना है, इसलिये यहां आ गये हैं। खैर, मुझे पूरा विश्वास है कि सभी का सहयोग रहेगा, आदरणीय ओम प्रकाश सिंह जी का भी सहयोग रहेगा और मैं ओम प्रकाश सिंह जी की तरफ इसलिए नहीं देख रहा हूं कि लालजी टण्डन जी की सूरत मुझे दिखाई पड़ती है तो मुझे बड़ा दुःख होता है, मुझे इस बात का दुःख होता है कि इतना विशाल व्यक्तित्व, इतनी विशाल काया, सदन में इस तरह रहेंगे। मुझे कहने में कोई संकोच नहीं है कि यह सदन जो पन्द्रहवीं विधान सभा गठित हुई है, यह अपने आप में बहुत नये चेहरों को लेकर आई है, बहुत नये लोगों को लेकर आई है।

नये लोगों को, बिना उन्हें सुने हुए, बिना उन्हें पढ़े हुए, बिना उन्हें देखे हुए नकारा नहीं जा सकता है। मुझे पूरा विश्वास है कि आने वाले दिनों में बहुत से योग्य लोग निर्वाचित होंगे और एक ऐसा इतिहास बनायेंगे जिससे यह सदन गरिमामय होगा चाहे इस पक्ष में लोग बैठे हों चाहे उस पक्ष में लोग बैठे हों। मान्यवर, आपके बारे में एक बात कहूंगा, इजाजत है ? आपकी तरफ देखकर लगता है कि एक दोहा है--

सतसैया के दोहरे ज्यों नाविक के तीर।
देखन में छोटे लगे घाव करे गम्भीर।।

मान्यवर, मैंने आपकी हाजिर जवाबी संसदीय कार्य मंत्री के रूप में देखी है जो बात गुस्से में कुछ लोग कह दिया करते थे, समझ रहे हैं न, नरेश जी, कौन लोग, गुस्से में कौन बोलता था वहां, आप हंसते-हंसते ऐसी चोट कर जाते हैं कि जब तक आदमी समझता है कि चोट कहां हुई तब तक बात आगे बढ़ जाती है। तो मान्यवर, उस ज्ञान का प्रयोग वहां मत करियेगा, उसको यहीं छोड़ जाइयेगा। वहां बैठकर आप हम लोगों के संरक्षक होंगे, गार्जियन होंगे, हम लोगों के दुःख दर्द सुनेंगे। हम लोगों ने तो चलिये कई मौसम देखे हैं लेकिन जो नये सदस्य चुनकर आये हैं उनको दुःख पीड़ा होगी वह सरकार के बीच में एक सेतु के रूप में होगी, एक संवाद के रूप में आप करेंगे। एक आग्रह मैं करूंगा आपसे कि नेता सदन से बात करके, नेता विरोधी दल से बात करके सदन को ज्यादा से ज्यादा दिन चलायें। 90 दिन सदन की कार्यवाही चले, यह सदन की नियमावली में है पर अगर 90 दिन न भी चल सके, अगर 60 दिन चले तो बात कहने में आयेगी। हम पूरा वचन देते हैं सदन की कार्यवाही कहीं बाधित नहीं होगी, सदन की कार्यवाही नियमानुसार चलेगी, और हमारा पूरा सहयोग रहेगा, यह वचन सदन में लिखित रूप से, आज कार्यवाही सदन में लिखित रूप से अंकित हो रही है, मैं देखता हूं इसमें कोई विरोधाभास नहीं होगा, सदन अपने लक्ष्य को पूरा करेगा, अपने कार्यकाल को पूरा करेगा ऐसा मुझे विश्वास है। मान्यवर, एक बात कहकर मैं अपनी बात समाप्त करूंगा। आप गये थे साथ में विदेश में, विदेश में बहुत सी बातें हुईं, बहुत सी बातें बताऊंगा भी नहीं यहां पर। जो बताने लायक है वह जरूर बता दूंगा वह यह है कि हम आप ब्रिटिश पार्लियामेंटरी सिस्टम देखने गये थे, वहां मान्यवर, एक अध्याय है जहां लोकतंत्र बनाम मोनार्की, राजशाही के बीच मे कटुता आई थी तो मान्यवर, उस कलम पर बैठकर जो आदेश लिखा गया था कि राजा को भी अपनी मौत का फरमान जारी करना पड़ा था तो यह लोकतंत्र है। इससे ज्यादा शक्तिशाली नेता सदन, नेता विरोधी दल, आप तीनों मिलकर सर्वोच्च हैं, आपसे बड़ा कोई नहीं है, मुझे पूरा विश्वास है गरीबों के हक पर जब गुण्डागर्दी और आतंक बढ़ेगा तो यह सरकार, यह सदन ऐसे कदम उठायेगा कि गुण्डागर्दी का नामोनिशान मिट जायेगा और गरीब आदमी के चेहरे पर मुस्कान आयेगी। ऐसे इतिहास को लिखा जाय, यह मैं चाहता हूं। इन शब्दों के साथ मैं आपको एक बार फिर बधाई देना चाहता हूं और पूरे सदन को इस बात के लिये बधाई देना चाहता हूं कि उस गौरवशाली परमपरा को कायम रखा

गया, जहां सर्वसम्मति से मिलकर हमने यह निर्णय लिया है कि सच पूछिये तो मान्यवर, थोड़ी तारीफ तो हम लोगों की भी होनी चाहिए। नेता सदन की भी होनी चाहिए कि खदान में कोयले तो बहुत पड़े रहते हैं पर उसमें हीरा तलाशना मुश्किल होता है और हमने हीरा तलाश लिया है, इतना ही हम कह सकते हैं और जिस हीरे को हमने तलाशा है, उसकी चमक धीमी न पड़ने पाये इसकी हर कोशिश हमारी तरफ से होगी। बहुत-बहुत धन्यवाद, मैं आपके प्रति आभार व्यक्त करता हूं।

* श्री कौकब हमीद-

मान्यवर, कुछ लम्हे ऐसे होते हैं, कुछ निर्णय ऐसे होते हैं, कुछ फैसले ऐसे होते हैं जो अपने में कीर्तिमान बना देते हैं। तो कल जो फैसला हुआ कि आप इस गरिमामय सदन के अध्यक्ष के रूप में रहेंगे, यह एक ऐसा फैसला है जिससे हर व्यक्ति खुश है। इसमें सिर्फ सदन की बात नहीं कर रहा हूं, सदन में बैठे हुए इधर और उधर बैठे हुए लोग तो खुश हुए ही, मगर जिन लोगों ने सुना जो इस प्रदेश के नागरिक थे चाहे गरीब हो या अमीर हो, उन्होंने भी यह बात समझी कि इस पद पर आप जैसे ही आदमी को बैठना चाहिए था। मान्यवर, बहुत समय बाद, तकरीबन 15 साल बाद एक सरकार बनी है जो एक पार्टी की है और निर्णय कुछ भी होता, जो भी नाम तय होता, उसके लिये बैठा जाता मान्यवर, लेकिन आपको यहां बिठाकर हमें अपने आप पर गौरव हो रहा है कि हमने एक ऐसे आदमी को बिठाया कि आने वाले 5 साल के अन्दर एक अच्छी परम्परा बन सकती है। मान्यवर, चाहे इस पक्ष के लोग हों चाहे उस पक्ष के लोग हों, हम लोग अपने सवालात उठाते हैं, और सवालात, समस्यायें उठती हैं, जनता की, हम लोग सिर्फ उनकी बात कहते हैं और वह व्यक्तिगत नहीं होती हैं। उसके लिये मेरा आपसे अनुरोध है कि हम लोगों को भी समय दें और मझे उम्मीद है कि आप जैसा व्यक्ति इस बात का लिहाज रखेगा, ख्याल रखेगा कि सदन को उसके गौरवमय तरीके से चलाया जाय क्योंकि यह हिन्दुस्तान का सबसे बड़ा सदन है मान्यवर, मैं इसी के साथ आपका धन्यवाद करता हूं।

*श्री हाजी याकूब-

आज इस सदन के माननीय सभी सदस्यों ने और हमारी पार्टी के बड़े नेताओं ने, माननीय नेता सदन, माननीय नेता प्रतिपक्ष, माननीय नेता प्रमोद कुमार जी ने और अन्य पार्टियों के नेताओं ने जो आपको अध्यक्ष बनाने का फैसला लिया है, उससे सदन की गरिमा, सदन की परम्पराओं से ऊपर उठकर आम गरीब, मजदूर, किसान, कमजोर लोगों में खुशी की लहर चली है उससे यह साबित हो गया है कि आने वाली सरकार जो लगभग 15 सालों के बाद पूर्ण बहुमत के साथ उत्तर प्रदेश में आयी है, उससे ऐसा लगता है कि यह सदन और पूरा उत्तर प्रदेश खुशहाली और विकास की तरफ आगे बढ़ेगा। गुण्डागर्दी को खत्म करते हुए, भ्रष्टाचार को खत्म करते हुए,

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

आम जनता का, गरीबों का, किसानों का भला करते हुए उत्तर प्रदेश विकास करेगा। विकास के नाम पर जो उत्तर प्रदेश महरूप चला आ रहा था नयी सरकार के आने से सभी के दिलों में एक खुशी की लहर आ गयी है। मैं अपने और अपनी पार्टी के सदस्यों की ओर से मुबारकबाद देता हूं और उम्मीद करता हूं कि इन्शा-अल्ला इस सदन की गरिमा बनी रहेगी।

श्री अध्यक्ष-

जनता दल यूनाइटेड, जनमोर्चा, भारतीय जनशक्ति पार्टी, राष्ट्रीय स्वाभिमान पार्टी।

* श्री आर0 के0 चौधरी-

मान्यवर, उत्तर प्रदेश इस देश का सबसे बड़ा प्रदेश है और इस प्रदेश के इस सदन की गरिमामय कुर्सी पर आपके निर्विरोध चुने जाने पर मैं आपको दिल से बधाई देता हूं। मान्यवर, सिर्फ हम लोग ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में, पूरे जनमानस में जबसे आपका नाम प्रकाश में आया है, निश्चित तौर से सभी के चेहरों पर खुशी की लहर आयी है। यह खुशी की लहर गांवों में, गलियारों में, दुकानों में और चौराहों पर भी है। मुझे व्यक्तिगत तौर पर आपके बारे में जानकारी है, आपके साथ मुझे लम्बे टाइम से काम करने का मौका मिला है, मैं आपसे अच्छी तरह से परिचित हूं। सरकार में रहकर भी और विपक्ष में रहकर भी, हर मौके पर मुझे आपके साथ रहने का मौका मिला है। आपके अनुभवों के बारे में हम सभी सदस्यों को उम्मीद है और विश्वास है और हम लोग इस सदन के संचालन में पूरा सहयोग देंगे और जो अध्यक्ष के पद के लिये चुनाव हुआ है, उससे निश्चित तौर से इस सदन के इस गरिमामय पद का जो गौरव है, उसमें चार चांद लगे हैं। हम लोग उम्मीद करते हैं कि इस सदन का आप बेहतर संचालन करेंगे और आपके संचालन से इस सदन का और पूरे उत्तर प्रदेश का बहुत लाभ होगा। धन्यवाद।

श्री धर्मपाल यादव डी0 पी0 यादव-

मान्यवर, सदन के इस सर्वोच्च पद पर आपके चुने जाने पर मैं आपको बधाई देता हूं और आपके विषय में माननीय नेता सदन और अन्य दलों के नेतागणों द्वारा जो कुछ बताया गया है उससे अपने आपको सम्बद्ध करता हूं। मान्यवर, मैं यह मानता हूं कि व्यक्ति का चरित्र, स्वभाव और आचरण पद की गरिमा को और भी बढ़ा देते हैं। हम आपसे अपेक्षा रखते हैं और यह जरूर चाहते हैं कि जो छोटे दलों के सदस्य और निर्दलीय सदस्य चुन करके हाउस में आये हैं, आप अपनी निष्पक्षता और स्वभाव को बरकरार रखते हुए उन सभी सदस्यों को अपने क्षेत्र की समस्याएं रखने का पूरा मौका देंगे। यह बहुत ही बे-इंतहा खुशी की बात है कि एक पिछड़े वर्ग और पिछड़े इलाके, कच्चे रास्तों और गरीबी में पलने वाला इन्सान इस सर्वोच्च पद तक आज पहुंचा है। यह हम जैसे तमाम लोगों के लिये बेइन्तहा खुशी की बात है और मैं यह जरूर चाहता हूं जैसा कि आपका स्वभाव है और अब तक आपके बारे में मैंने जो सुना और जाना है आप

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

उससे भी बढ़ करके उन तमाम निर्दलीय सदस्यों को, छोटे दलों के सदस्यों को संरक्षण देंगे ताकि उनको अपनी बात कहने का मौका मिले और उनकी क्षेत्र की समस्याओं का निराकरण एवं निवारण हो।

श्री अध्यक्ष-

माननीय सदस्य गौरी शंकर जी ने अपने उद्गार व्यक्त करने के लिये इच्छा जाहिर की है, उनको अवसर दिया जाता है।

श्री गौरी शंकर एडवोकेट-

माननीय अध्यक्ष जी, इस हाऊस की एक परम्परा रही है कि विभिन्न दलों के दलीय नेताओं के साथ ही अगर किसी माननीय सदस्यगण ने इच्छा व्यक्त की है आज के इस अवसर पर अपने भाव व्यक्त करने के लिये अनुमति मांगी है तो उसको दिया गया है। मैं आभारी हूं कि आपने मुझे दो शब्द कहने का अवसर दिया। मान्यवर, एक लम्बे राजनीतिक जीवन में मैं भी सबसे कम उम्र का विधायक 1974 में चुनकर आया था। तब मुझे इस अवसर पर जो रोमांच हुआ था जिस तरह से लुकाछिपी के अन्दर अध्यक्ष जी को ढूंढा जाना, प्रो0 वासुदेव सिंह जी छुपे बैठे थे, नेता सदन, नेता विरोधी दल और अन्य दलों के नेताओं ने मशक्कत करके बड़ी मुश्किल से उनको ढूंढ़कर उस आसन तक पहुंचाया था। आज हम पुनः उस रोमांच का अनुभव कर रहे हैं। आप जैसे व्यक्ति जो सरल हैं, सुबोध हैं, सम्यक् हैं और आज की परिस्थिति में बहुत प्रासांगिक हैं। आपकी जो विनम्रता है वह दूसरे लोगों को निश्चित रूप से प्रभावित करेगी। मैं सबसे कम उम्र का था और बहुत से हमारे वरिष्ठ सहयोगी थे। आज बहुत वक्त बीत गया है 1974 से वर्ष 2007 चल रहा है। उनमें कितने लोग इस माननीय अध्यक्ष के पद पर विराजमान हुये, कितनी स्मृतियां हम सबके मस्तिष्क में आज भी हैं और उनके उदाहरणों से हम सभी लोगों को बहुत प्रेरणा मिलती है। बहुत से माननीय सदस्यगण आये, बहुत से नेता सदन, नेता विरोधी दल और अन्य दलों के नेतागण भी यहां पर अपनी-अपनी प्रतिभाओं की छाप छोड़कर गये हैं। जो खास तौर से नये आते हैं, प्रथम बार आते हैं उनके लिए ये क्षण विशेष रूप से स्मरणीय होते हैं। कल से हमने तिवारी जी और हमारे पुराने साथी ओझा जी ने शपथ-ग्रहण का सिलसिला चलाया। हमने बहुत से माननीय सदस्यों को देखा है जो प्रथम बार में आये हैं। कल की परिपाटी से हम लोगों ने जैसा अनुभव किया है कि लगभग एक तिहाई मेम्बरों का रिपीटीशन होता है, दो-तिहाई नये सदस्य या 60 प्रतिशत नये सदस्य आते हैं। बहुत से लोग अवसर पाते हैं, बहुत से दोबारा, तिबारा चुने जाने से वंचित हो जाते हैं। इतने लम्बे कार्यकाल में हमने बहुत से माननीय सदस्यों को देखने का, हर उम्र के लोगों को देखने का अवसर मिला है। हम अपने आपको सौभाग्यशाली समझते हैं कि दादा भी इस सदन के सदस्य हमारे साथ रहे, उनके बेटे भी रहे और उनके पोते भी रहे और हमने उन्हें इस माननीय सदन के सदस्य के रूप में पाया। बहुत से साथी कल ऐसे

मिले जिनके नाना हमारे साथ में विधायक थे। उनके बाद उनके मामा और उनके नाती भी चुनकर आये हैं। तीन पीढ़ियों का एक समावेश आज के दिन की प्रांसगिकता को सिद्ध करता है। यह जो संदर्भ आये हैं उनसे हम सब लोग सीखते हैं और आगे की पृष्ठिभूमि को बनाते हैं। हम आज के दिन आपको बधाई देते हैं। हम सभी लोग बहु खुश हैं कि आप एक गरीब समाज से आये हैं और गरीब समाज की जो संवेदनशीलता है वह आपके व्यक्तित्व में भरी हुई है, हम सभी को उससे प्रेरणा मिलेगी। एक बार पुनः आपके अध्यक्ष चुने जाने पर मैं अपनी ओर से अंतर्मन का भाव व्यक्त करता हूं और हार्दिक बधाई देता हूं। उस कुर्सी पर विराजमान होकर ऐसा उदाहरण बने कि आगे आने वाली पीढ़ियां तक उन स्मृतियों को याद रखें। इन शब्दों के साथ एक बार पुनः आपको हार्दिक बधाई और अभिनन्दन के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

*श्री लालजी टण्डन-

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं उन लोगों में रहा हूं जो सदन को सुव्यवस्थित चलाने में हमेशा विश्वास करते हैं। इसमें जो महत्वपूर्ण रोल होता है वह उस आसन का होता है जहां आप विराजमान हैं। वहां पर आपको बैठे देखकर मुझे विश्वास होता है कि आप सदन को सुचारु रूप से चलाने में सफल होंगे इसमें हम सबका आपको सहयोग मिलेगा। मान्यवर, कभी-कभी बहुत प्रशंसा करने वाले लोगों से भी सावधान रहने की जरूरत होती है। ऐसे ही प्रमोद तिवारी जी से थोड़ा सावधान रहने की जरूरत है पता नहीं किस जगह पर इनकी कला-कुशलता हो जाय और बात को घुमाकर कहां से कहां पहुंच जाय। ऐसे लोगों से आप सावधान रहेंगे। आप सदन के ऐसे सदस्यों को व्यक्तिगत रूप से जानते हैं इसलिए कहीं कठिनाई नहीं होगी। मैं आपको सहयोग का आश्वासन देता हूं और आपकी सफलता के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

*श्री धनीराम वर्मा-

अध्यक्ष जी, सबसे पहले मैं इस आसन पर आप जैसे शालीन व्यक्ति को बैठे हुए देखकर महान हर्षित हुआ। आपके निर्विरोध चुने जाने पर मैं हार्दिक बधाई देता हूं। मैं इतना अवश्य कहूंगा कि आप पक्ष-विपक्ष में सामन्जस्य स्थापित करते हुए सदन संचालित करेंगे। इस समय यह जरूर आकांक्षा है जैसा कि टण्डन जी ने इशारा किया कि भाषण माफियाओं पर अंकुश जरूर रहे। अगर ऐसा रहेगा तो नए सदस्य जो चुनकर आए हैं उनको अपनी भावनाओं को व्यक्त करने का अवसर मिलेगा। यहां पर आपके सामने बड़ी प्रशंसा करेंगे लेकिन बाद में गालियां देते हैं। ऐसे बहुत से लोगों को मैंने देखा और सुना है ऐसे लोगों से बहुत सतर्क रहने की जरूरत है। इसी में आपकी सबसे बड़ी सफलता होगी। मुझे भी उस आसन पर बैठने का अनुभव है, वहां बैठकर सही निर्णय भी दें लेकिन कुछ लोग उसे गलत ही मानते हैं। इसलिए सही निर्णय देने में

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

संकोच मत करिए इसी में सफलता है। अन्त में मैं आपको शुभकामनांए और बधाई देते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

*श्री सतीश महाना-

मान्यवर, आज इस ऐतिहासिक क्षण में भारत वर्ष की सबसे बड़ी विधान सभा के सर्वोच्च पद पर आप आसीन हुए हैं मैं आपको हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। मैं पूर्व सदस्यों और नेताओं ने जो अपने विचार व्यक्त किए हैं उनके विचारों से अपने को समबद्ध करता हूं। आप विद्वान हैं, सरल हृदय हैं इस पर किसी प्रकार की आशंका नहीं है लेकिन जिस पद पर आप आसीन हैं उस पर से सभी का ध्यान रखना होगा। यह सदन पक्ष और विपक्ष दोनों से मिलकर चलता है जिस प्रकार एक ही सिक्के के दो पहलू होते हैं उसी प्रकार पक्ष और प्रतिपक्ष होता है। सत्ता पक्ष की जिम्मेदारी निश्चित रूप से अधिक होती है लेकिन प्रतिपक्ष की भी जिम्मेदारी उससे कम नहीं होती है। जनता की समस्याओं को यहां पर भलीभांति उठाकर जनता को राहत पहुंचाने का काम इस सदन का है। पूर्व में कभी ऐसे अवसर आये हैं जिस समय उस पीठ से टिप्पणी की गई किसी भी सदस्य के लिये जब वह बोलने के लिये खड़े होते हैं कि आपकी बात आ गई। आपका नाम अखबार में छप गया। मान्यवर, हम यहां पर अखबार में अपना नाम छपवाने के लिये, किसी प्रेस या इलेक्ट्रानिक मीडिया तक अपनी बात कहने के लिये नहीं आते हैं। हम यहां पर जनता की समस्या को उठाने के लिये और उसका निराकरण करने के लिये आते हैं। मान्यवर, जैसा मैंने आपको कहा कि मैं आपको व्यक्तिगत रूप से बहुत अच्छी तरीके से जानता हूं। आपके साथ व्यक्तिगत रूप से साथ रहने का लम्बा समय से अवसर प्राप्त हुआ है। इस बात का विशेष रूप से कृपापूर्वक ध्यान रखियेगा इसका मुझे विश्वास है। एक बात हमारे बड़े भाई आदरणीय प्रमोद जी ने विदेश के आपके सम्बन्ध में कही है कि बहुत सारी बातें यहां नहीं बतायेंगे, मुझे विश्वास है कि ये कुछ भी नहीं बतायेंगे क्योंकि जिनके अपने घर शीशे के होते हैं वे दूसरे के घर में पत्थर नहीं मारते। इसलिये आप उस ओर से निश्चिंत रहें उस सम्बन्ध में मैं आपके साथ हूं। आपको एक बार फिर बहुत सारी शुभकामनाएं। इस सदन की गरिमा बढ़े और यह सदन अपने उस उद्देश्य को पूरा कर सके जिस उद्देश्य के साथ जनता ने हमको चुनकर सदन में भेजा है। मुझे पूरा विश्वास है कि आपके संरक्षण में हम सब उसको पूरा करेंगे। आपको पुनः एक बार बहुत-बहुत बधाई।

कुमारी मायावती-

माननीय अध्यक्ष जी, आज आपको अध्यक्ष पद पर चुने जाने पर हमारी पार्टी के लोग बहुत ज्यादा खुश हैं और इसलिये भी ज्यादा खुश हैं कि आज हाऊस में श्री प्रमोद कुमार जी, बाबा साहब अम्बेडकर जी की सोच का जो नीला रंग था और बहुजन समाज पार्टी का भी नीला

---

*वक्ता ने भाषण का पुनर्रीक्षण नहीं किया।

रंग है, उस रंग में रंगे हुए नजर आ रहे हैं और साथ में हमारी बहिन जी (श्रीमती अमीता सिंह) भी रंगी नीली नजर आ रही हैं।

डा0 कौशल किशोर-

आपने अपने को नीले रंग में नहीं रंगा।

कुमारी मायावती-

मैं तो बहुत पहले रंग चुकी हूं। मैं अब आप सब लोगों को रंगने में लगी हुई हूं।

विधान सभा का निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित होने पर सभी सदस्यों को भी अध्यक्ष का धन्यवाद

श्री अध्यक्ष-

आदरणीय नेता सदन माननीय मुख्य मंत्री जी, आदरणीय सम्मानित सदस्य नरेश अग्रवाल जी, आदरणीय नेता भारतीय जनता पार्टी, आदरणीय नेता भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, आदरणीय नेता लोक दल, आदरणीय नेता भारतीय जन शक्ति, राष्ट्रीय स्वाभिमान पार्टी, आदरणीय नेता राष्ट्रीय परिवर्तन दल और हमारे बुजुर्ग और सम्मानित और मार्ग-दर्शक सदस्य माननीय लालजी टण्डन जी, पूर्व में इस पद पर आसीन माननीय धनीराम वर्मा जी, माननीय सदस्य गौरी शंकर जी, आज हिन्दुस्तान की सबसे बड़ी विधान सभा गौरवमयी विधान सभा में निर्विरोध अध्यक्ष पद पर आसीन होने के बाद हमारे आदरणीय नेतागण ने जो उद्गार व्यक्त किये हैं, मैं उनके प्रति तहे दिल से सबको नमन करते हुए हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। (मेजें थपथपाई गईं) यह सम्मान और आर्शीवाद जो मिला है उसके लिये मैं आपका आभारी हूं और इससे ज्यादा मैं इससे आश्वस्त हूं कि आपने मुझे जो विश्वास दिलाया है हर दल के माननीय नेता लोगों ने कि सदन को संचालित करने में हम लोग भरपूर प्रयास करेंगे। यह आपका सबसे बड़ा आर्शीवाद है। क्योंकि हम सब जो इस गौरवमयी सदन में बैठे हैं। मैं आप सबको विश्वास दिलाना चाहता हूं कि सदन का संचालन संविधान और नियमावली की परम्पराओं के पालन में ही जन समस्याओं को सही रूप देने का आधार है। इस सदन में मैं विश्वास दिला रहा हूं इसकी बहुत बड़ी गरिमा है। अभी प्रमोद कुमार जी ने संकेत दिया कि आज हमारे जैसा साधारण आदमी, जहां राजर्षि पुरुषोत्तम दास टण्डन जी बैठे हों और उस पर आप सब लोगों ने जो आसीन करने के लिए, इस आसन पर बैठाने के लिए, निर्विरोध चयन किया, मैं बार-बार विश्वास दिलाता हूं कि सदन कभी एक पक्षीय नहीं होता है, यह सत्ता और विपक्ष की दो धुरियां हैं इसी के आधार पर वह चलता है और हमारी बराबर कोशिश रहेगी कि सदन की पहचान एक पक्षीय न होने पावे।

(मेजें थपथपाई गईं)

और इस कोशिश में आप सब लोगों का सहयोग होना चाहिए। हमें भी इस सदन में सदस्य के रूप में बैठने का मौका मिला, जितना चर्चाओं और डिबेट में आनन्द आता है और प्रदेश की जनता की झोपड़ियों तक संदेश जाता है कि आज जिस तरह से मेरी समस्याओं की चर्चा सदन में हुई है वह उस दिन अपने-अपने जनप्रतिनिधियों को दुआयें देता है। उस क्षेत्र की जनता दुआयें

देती हैं कि कम से कम सदन में बैठकर चाहे जन समस्यायें हों, चाहे कानून-कायदे पास होते हों, सब पर डिवेट हुआ है। सत्ता पक्ष, हमारे माननीय मंत्रि-परिषद के सदस्यगण सरकार की नीतियों को, पक्षों को, सदन में बताने की कोशिश करते हैं वहीं हमारा विपक्ष सत्ता की कमियों को, संसदीय प्रणाली, लोकतांत्रिक सिस्टम से कमियों को उजागर करता है। कभी-कभी परिस्थितियां आई हैं कि विपक्ष के अच्छे सुझावों के बाद बहुत से विधेयकों में संशोधन किया है। इसलिए दोनों की नैतिक जिम्मेदारी बनती है। मैं जानता हूं सदन में भी रहा हूं कभी-कभी टकराहट की भी स्थितियां उत्पन्न हुई हैं। मैं विश्वास दिला रहा हूं और आपसे सहयोग मांग रहा हूं कि टकराहट होना स्वभाविक है लेकिन उसको कड़वाहट में न बदला जाए। कड़ुवेपन में न लिया जाए। दिल में कहीं गांठ न बांधी जाए। हंसी-खुशी के माहौल में जब सदन चलेगा तो मैं पूरा विश्वास दिला रहा हूं नेता सदन जी को, अन्य सम्मानित सभी दलों के नेताओं को कि निष्पक्षता और संसदीय परम्पराओं का पालन हो और जो यहां कि प्रक्रिया संचालन नियमावली है और संविधान के अनुच्छेदों का जो उल्लेख है, सदन जिस तरह से संचालित होना चाहिए मैं पूरी कोशिश करूंगा लेकिन यह मेरे अकेले बस की बात नहीं है। मैं तो केवल आपको कह सकता हूं कि आप बोले या आसन ग्रहण कर लें। लेकिन पूरी चर्चा, जो आपके उद्गार होंगे वह मा0 नेतागण, मा0 सदस्यगण के होंगे। मैं तो चाहता हूं कि जो नये सम्मानित सदस्य चुनकर आए हैं हम सब मिलकर उनको ज्यादा से ज्यादा अवसर दें और उनको नियमावली के उल्लिखित नियमों और परम्पराओं को बतावें, ताकि जो हमारी नई प्रतिभायें आई हैं और जिस तरह से, जिस क्षेत्र से बड़ी दुख तकलीफ के बाद आए हैं वह एक प्रतिभा के रूप में अपने क्षेत्र में जाएं। हमारा भरपूर प्रयास होगा कि माननीय सदस्य जो नये चुनकर आए हैं और सदन में बैठे हैं, हमारे अनुभवी सदस्य जो बैठे हैं। टण्डन जी जैसे तमाम लोग उनके आचरण, ज्ञान का लाभ वह लोग ले लें ताकि एक जनप्रतिनिधि किस परेशानी से इस सदन में पहुंचते हैं, कितनी दुख तकलीफ सहकर मानसिक और शारीरिक तकलीफ सहते हैं तब इस सदन के सदस्य बनते हैं। कभी-कभी टकराहट की स्थिति में मैंने देखा है ऐसे शब्दों का प्रयोग होता है कि आज इस सदन की चर्चा गांव में दूसरे रूप में होने लगी है। इसको दूसरा स्वरूप दे रहे हैं इसलिए मैं गौरवमयी स्वरूप देने के लिए, गौरवमयी सदन के लिए पूरी तरह विश्वास दिला रहा हूं कि निष्पक्षता और समस्याओं का जो भी उल्लेख होगा एक समुचित निर्णय और एक अच्छा वातावरण बनाने के लिए आपके सहयोग की अपेक्षा करता हूं। साथ ही साथ मैं बराबर इस बात के लिए कोशिश करूंगा कि आप सबका सहयोग मिले। मैंने एक साधारण कार्यकर्ता के रूप में बहुजन समाज पार्टी में काम किया है, मैं आभार प्रकट करता हूं, अपनी नेता सदन को कि उनमें पहचानने की जो क्षमता है, चाहे कोई गरीब ही हो, अगर उसमें कहीं न कहीं अनुशासन और लगन है तो वह हमेशा सम्मानित स्थानों पर चयन करने में वरीयता जरूर देती हैं। आज मैं इस सदन में नेता सदन का, कोई राजनैतिक माहौल के आधार पर नहीं, उनका एक कार्यकर्ता होने के नाते भी उनका बहुत बड़ा आभार प्रकट

करता हूं। नेता सदन ने ही जब हमको प्रस्तावित किया है तो मैं अन्य सभी दलों के मा0 नेताओं का भी आभार प्रकट करता हूं कि आपने हमारे नेता सदन के निर्णय को सहर्ष स्वीकार करके हमें निर्विरोध चयन किया है। मैं पुनः आप सबको हार्दिक बधाई देता हूं और सभी वरिष्ठ नेताओं से हम निवेदन करते हैं कि हमारे नये सदस्यों के लिये एक उद्बोधन का कार्यक्रम चलाया जाय जिससे हमारे नये सदस्यों को कहीं न कहीं इस संसदीय प्रणाली, इस सदन की गरिमा और जो हमारी नियमावली है, उसके आधार पर सूचना देने, समस्याएं उठाने आदि के तौर-तरीके की जानकारी हो सके। मैं विश्वास दे रहा हूं कि यह अकेले हमारे बस की बात नहीं है। आप सबका सहयोग मिले, मैं अकेले कुछ नहीं कर पाऊंगा। आप सहयोग देंगे तो आप जितनी चर्चायें करना चाहें, करें, जिन मुद्दों पर प्रदेश की समस्यायें उठाना चाहें, उठायें। मा0 नरेश चन्द्र अग्रवाल जी हमारे वरिष्ठ नेता हैं, कहीं निष्पक्षता में कटौती नहीं होने पायेगी। लेकिन सदन एक आदर्श प्रस्तुत करे और संदेश जाये झुग्गी-झोपड़ियों में कि 'नहीं' वहां वरिष्ठ लोग बैठ करके सदन में एक अच्छी चर्चा करते हैं।

इन्हीं अपेक्षाओं के साथ मैं पुनः आपका तहे दिल से स्वागत करता हूं, नमन करता हूं। अब आज हम उठते हैं, 21 मई को पूर्वाह्न 11.00 बजे पुनः बैठेंगे।

(इसके बाद सदन का उपवेशन अपराह्न 4 बजकर 9 मिनट पर सोमवार, दिनांक 21 मई, 2007 को दिन के 11 बजे तक के लिये स्थगित हो गया)।

लखनऊ,

दिनांक 18 मई, 2007

राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय,

प्रमुख सचिव, विधान सभा,

उत्तर प्रदेश।

उत्तर प्रदेश विधान सभा

पी0एस0यू0पी0-एल0 191 विधान सभा (327)-10-7-07-813 (कम्प्यूटर)।